जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 22.01.2014

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2014/561)**

# राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन

<u>माननीय रेल राज्यमंत्री करेंगे शुभारम्भ</u>

रेलपथ इंजीनियर संस्थान (भारत) द्वारा दिनाकं 23.01.2014 व 24.01.2014 को जयपुर में राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का शुभारम्भ दिनांक 23.01.2014 को प्रातः 10.00 बजे **श्री अधीर रंजन चौधरी**, माननीय रेल राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा बी.एम. बिड़ला ऑडीटोरियम, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर में किया जा रहा है।

श्री तरूण जैन ने बताया कि दो दिन चलने वाली इस राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी में रेल पथ कार्यों का प्रबंधन आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग द्वारा और रेलवे सुरंगों का अभिकल्प, निर्माण व रख–रखाव विषयों पर चर्चा की जायेगी। इस अवसर पर श्री सुबोध जैन, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड व अध्यक्ष रेलपथ इंजीनियर संस्थान (भारत) एवं श्री आर. सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे आधार व्याख्यान देंगे। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारीगण भी इस सेमीनार में रेलपथ इंजीनियरिंग से जुडे विभिन्न विषयों से सम्बन्धित मुद्दों पर प्रस्तुतिकरण देंगे व चर्चा करेंगे।

**जन सम्पर्क अधिकरी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**